## खबर संक्षेप

### फरार वारंटी विजय सिंह गिरफ्तार

शहडोल। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे फरार आरोपियों की धरपकड़ अभियान के तहत गोहपारू पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गोहपारू पुलिस ने विभिन्न न्यायालयों द्वारा जारी वारंटों में लंबे समय से फरार चल रहे कुख्यात वारंटी विजय सिंह गोंड को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी विजय सिंह गोंड के विरुद्ध कई न्यायालयों से गिरफ्तारी वारंट जारी थे, फिर भी वह लगातार कानून की पकड़ से दूर था। गोहपारू पुलिस टीम ने तकनीकी और स्थानीय सूचनाओं का गहन उपयोग करते हुए सटीक कार्रवाई की और अंततः फरार वारंटी को दबोच लिया। थाना प्रभारी गोहपारू के नेतृत्व में पुलिस स्टाफ की इस कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि अपराधियों को अब और छिपने की जगह नहीं मिलेगी। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है और उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। यह कार्रवाई अपराधियों के लिए कड़ी चेतावनी है।

### मेक इन इंडिया व स्थानीय रोजगार नीति की अनदेखी का आरोप




शहडोल। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) सोहागपुर क्षेत्र में मेक इन इंडिया और स्थानीय रोजगार नीति के कथित उल्लंघन को लेकर वाहन ठेकेदार संघ ने कड़ा विरोध जताया है। वाहन ठेकेदार संघ (एसईसीएल, सोहागपुर एरिया) शहडोल द्वारा क्षेत्रीय महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपते हुए बड़े मूल्य के टेंडर निरस्त कर छोटे-छोटे टेंडर जारी करने की मांग की गई है, ताकि स्थानीय ठेकेदारों और श्रमिकों को रोजगार मिल सके।ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि भारत सरकार द्वारा मेक इन इंडिया और स्थानीय निवासियों को रोजगार उपलब्ध कराने की नीति लागू की गई है, जिसका उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को आजीविका के अवसर देना है। लेकिन वर्तमान में संबंधित विभागों द्वारा इस नीति की अनदेखी की जा रही है। हाल ही में विद्युत एवं यांत्रिक विभाग, एसईसीएल सोहागपुर एरिया द्वारा त्रश्वरू पोर्टल के माध्यम से भारी-भरकम राशि के टेंडर जारी किए गए, जिनकी अनुमानित लागत लगभग 95.90 करोड़ रुपये बताई गई है। संघ का कहना है कि इतने बड़े मूल्य के टेंडर स्थानीय ठेकेदारों की क्षमता से बाहर हैं। सोहागपुर क्षेत्र और आसपास के जिलों के अधिकांश ठेकेदार, श्रमिक एवं वाहन संचालक छोटे स्तर पर कार्य करने वाले हैं, जिनके पास न तो इतना बड़ा कार्य अनुभव है और न ही आवश्यक पूंजी। परिणामस्वरूप, स्थानीय लोगों को काम से वंचित किया जा रहा है और क्षेत्र में बेरोजगारी की समस्या और गंभीर होती जा रही है। वाहन ठेकेदार संघ ने आरोप लगाया कि बड़े टेंडरों से बाहरी कंपनियों को लाभ मिल रहा है, जबकि स्थानीय हितों की अनदेखी हो रही है। यह स्थिति मेक इन इंडिया और स्थानीय रोजगार नीति की मूल भावना के विपरीत है। ज्ञापन में मांग की गई है कि बड़े मूल्य के टेंडरों को तत्काल निरस्त किया जाए और संबंधित कार्यों को छोटे-छोटे टेंडरों में विभाजित कर पुनः जारी किया जाए, जिससे स्थानीय ठेकेदारों और श्रमिकों को रोजगार के अवसर मिल सकें। संघ ने यह भी मांग की है कि मेक इन इंडिया और स्थानीय रोजगार नीति का वास्तविक रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए। ज्ञापन पर संघ के पदाधिकारियों के हस्ताक्षर हैं और जल्द कार्रवाई की अपेक्षा जताई गई है।

### मध्यप्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन की काव्य एवं विचार गोष्ठी में कवियों ने व्यक्त किए सामाजिक मुद्दों पर दृष्टिकोण



शहडोल। साहित्यिक संस्थान मध्यप्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन, जिला इकाई के तत्वावधान में नगर के बाणगंगा सभागार में काव्य एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कवियों, साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं और विचारों के माध्यम से समाज के विविध पहलुओं, विशेषकर किसानों और गरीबों की कठिनाइयों पर प्रकाश डाला। इकाई की अध्यक्ष किरण सिंह शिल्पी ने बताया कि गोष्ठी का आयोजन उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की बहुचर्चित कहानी पूस की रात के संदर्भ में किया गया।

## शहडोल में बेलगाम खनन माफिया का आतंक!

# सोहागपुर बना अवैध खनन का अड्डा

### दिन-दहाड़े मिट्टी-मुरूम साफ, खनिज-पुलिस पर उठे सवाल

शहडोल।

संभागीय मुख्यालय से सटे सोहागपुर थाना क्षेत्र में खनिज माफियाओं ने कानून और प्रशासन के इकबाल को चुनौती देते हुए, सरकारी भूमि की खुलेआम और बेधड़क लूट मचा रखी है। आलम यह है कि मिट्टी, मुरूम (मुरम) और रेत जैसे बहुमूल्य खनिजों का अवैध उत्खनन (खनन) और परिवहन का कारोबार बिना किसी रोक-टोक के चल रहा है, जिसने सरकारी खजाने को करोड़ों का चूना लगाया है। यह जघन्य खनिज अपराध सत्ता और प्रशासन के गलियारों में माफियाओं की गहरी पैठ और उच्च-स्तरीय संरक्षण की ओर स्पष्ट इशारा करता है।





### सरकारी जमीन पर माफियाओं की नजर

सोहागपुर तहसील क्षेत्र के खसरा नंबर 688 पर इन दिनों खनिज माफियाओं का कहर बरप रहा है। सरकारी दस्तावेजों में दर्ज इस भूमि से हर दिन अवैध उत्खनन कर मिट्टी और मुरूम भरकर संभागीय मुख्यालय सहित अन्य क्षेत्रों में आपूर्ति की जा रही है। उत्खनन की यह प्रक्रिया रात के अंधेरे में नहीं, बल्कि दिन-दहाड़े, सबके सामने चल रही है। सबसे चौंकाने वाली और गंभीर बात यह है कि उत्खनन स्थल से खनिज लदे वाहन जिस रास्ते से गुजरते हैं, वहीं से स्थानीय ग्राम पंचायतें भी हैं। यह बात किसी के भी गले नहीं उतरती कि स्थानीय पंचायत पदाधिकारियों, पुलिस प्रशासन और खनिज विभाग के जिम्मेदारों को इस विशाल पैमाने पर हो रही लूट की जानकारी न हो। यह बेधड़क कारोबार यह चीख-चीख कर बता रहा है कि माफियाओं को न तो पुलिस का रत्ती भर डर है और न ही खनिज विभाग का कोई खौफ है।

### रेत खदानें बंद, फिर भी आपूर्ति

जिले में आधिकारिक तौर पर रेत खदानों को स्वीकृति नहीं मिली है, फिर भी शहडोल शहर में रेत की निर्बाध आपूर्ति हो रही है। ठीक उसी तरह, शासकीय भूमि से बिना किसी वैधानिक अनुमति के मिट्टी और मुरूम का अवैध उत्खनन कर धड़ल्ले से निर्माण कार्यों में आपूर्ति की जा रही है। यह स्थिति सरकार के नियमों और आदेशों का खुला उल्लंघन है। सवाल उठता है कि जब उत्खनन और परिवहन दिन-दहाड़े हो रहा है, तो खनिज विभाग के अधिकारी शिकायत का इंतजार क्यों करते हैं और अगर इक्का-दुक्का शिकायतें मिल भी जाती हैं, तो उन पर होने वाली कार्रवाई किसी ठोस परिणाम तक क्यों नहीं पहुँचती? ऐसा प्रतीत होता है जैसे विभाग ने जानबूझकर आँखों पर पट्टी बांध रखी है ताकि माफियाओं का कारोबार चलता रहे।

### खनिज विभाग के तर्क खोखले

खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारी एक ओर कहते हैं कि वे केवल अवैध उत्खनन और परिवहन करते ही कार्यवाही कर सकते हैं। वहीं, दूसरी ओर वे स्वयं यह स्वीकार करते हैं कि वे अक्सर रात के समय अवैध गतिविधियों पर निगाह रखने के चक्कर में रहते हैं। यह तर्क हास्यास्पद और खोखला है। जब उत्खनन दिन के उजाले में हो रहा है, पंचायतें और स्थानीय जनता इसे खुली आंखों से देख रही है, तो अधिकारियों को सूचना क्यों नहीं मिल रही है? क्या अधिकारी स्वयं यह नहीं जानते कि सोहागपुर के किस खसरा नंबर से शासकीय संपत्ति लूटी जा रही है? यदि उन्हें जानकारी है, तो कार्रवाई क्यों नहीं? यह स्पष्ट रूप से कर्तव्य में लापरवाही और माफिया से मिलीभगत की ओर इशारा करता है।

### पंचायतें भी दाल में काला

गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जिले की कई स्थानीय पंचायतें भी इस अवैध आपूर्ति श्रृंखला में शामिल दिखती हैं। अवैध रूप से उत्खनित मुरूम की आपूर्ति कई पंचायतों में ऑन रिकॉर्ड दर्शाई जा रही है। यह सीधे तौर पर सरकारी राजस्व को धोखा देने और भ्रष्टाचार में लिप्त होने का संकेत है। जब स्थानीय स्वशासन की इकाइयाँ ही अवैध गतिविधियों को संरक्षण देने लगें, तो कानून के राज की उम्मीद किससे की जाए?

### पुलिस और प्रशासन की भूमिका पर सवाल

इस पूरे प्रकरण में पुलिस विभाग की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। सोहागपुर थाना क्षेत्र में हो रही इतनी बड़ी लूट से पुलिस का अनजान बने रहना संभव नहीं है। क्या पुलिस को भी माफियाओं का संरक्षण प्राप्त है? इस बेलगाम अवैध खनन को तत्काल रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर को सीधे हस्तक्षेप करने की आवश्यकता है। यह केवल राजस्व का मामला नहीं, बल्कि कानून व्यवस्था और सरकारी संपत्ति की सुरक्षा का गंभीर उल्लंघन है। प्रशासन को चाहिए कि वह न केवल उत्खनन करने वालों के खिलाफ, बल्कि इस अवैध कारोबार को संरक्षण देने वाले जिम्मेदारों के खिलाफ भी सख्त और आक्रामक कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में कोई भी सरकारी संपत्ति की लूट की हिमाकत न कर सके।

# राजस्व मंडल की सर्किट कोर्ट शहडोल में स्थापित करने की मांग

### अधिवक्ता संघ ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

शहडोल।

संभागीय मुख्यालय में राजस्व न्याय से जुड़ी गंभीर समस्याओं को लेकर जिला अधिवक्ता संघ ने आक्रामक रुख अपनाते हुए राजस्व मंडल ग्वालियर की सर्किट कोर्ट शहडोल में स्थापित किए जाने की मांग की है। अध्यक्ष राकेश सिंह बघेल के नेतृत्व में अधिवक्ता संघ ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित कर स्पष्ट किया कि वर्तमान व्यवस्था गरीब, किसान, आदिवासी और ग्रामीण नागरिकों के न्याय के अधिकार में बड़ी बाधा बन चुकी है। अधिवक्ता संघ ने बताया कि शहडोल, अनूपपुर एवं उमरिया जिलों के राजस्व प्रकरणों में आयुक्त शहडोल द्वारा पारित आदेशों के विरुद्ध अपील एवं निगरानी की सुनवाई राजस्व मंडल ग्वालियर में की जाती है। शहडोल से ग्वालियर की अत्यधिक दूरी, सीमित परिवहन साधन और बार-बार की यात्रा की मजबूरी के चलते वादकारियों को भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है।



कई मामलों में पक्षकार सुनवाई तक पहुंच ही नहीं पाते, जिससे न्याय प्रक्रिया औपचारिक बनकर रह जाती है।संघ ने आरोप लगाया कि मौजूदा प्रणाली से न्याय न केवल महंगा बल्कि दुर्गम हो गया है। किसान, आदिवासी वर्ग, वृद्ध, महिलाएं और आर्थिक रूप से कमजोर पक्षकार मानसिक, शारीरिक और आर्थिक पीड़ा झेलने को मजबूर हैं। यह स्थिति सुलभ और त्वरित न्याय की संवैधानिक अवधारणा के विपरीत है। 15 दिसंबर को आयोजित अधिवक्ता संघ की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर मांग की गई कि राजस्व मंडल ग्वालियर की सर्किट कोर्ट शहडोल में तत्काल स्थापित की जाए तथा मंडल के सदस्य प्रत्येक माह नियत तिथि पर शहडोल आकर नियमित सुनवाई करें। इससे संभाग के हजारों प्रकरणों का शीघ्र निराकरण संभव होगा। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता हर्षवर्धन सिंह को जिला सलाहकार समिति का विधि सदस्य बनाए जाने पर सम्मानित किया गया और उनसे इस मुद्दे को शासन के एजेंडे में प्रमुखता से रखने का आग्रह किया गया जिस पर उन्होंने सहमति जताई। ज्ञापन की प्रतिलिपि उपमुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री, राजस्व मंत्री, अध्यक्ष राजस्व मंडल ग्वालियर, मुख्य सचिव, संभाग आयुक्त एवं कलेक्टर को भी भेजी गई है। अधिवक्ता संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे।


# आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण का आरोपी गिरफ्तार

## युवती की मौत का मामला, पुलिस ने आरोपी को दबोचा

### परिजनों ने लगाया गंभीर उत्पीडऩ का आरोप

शहडोल।

कोतवाली पुलिस ने एक अत्यंत संवेदनशील मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए, आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के आरोपी अनुज सिंह बघेल को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला शहडोल की एमपीईबी कॉलोनी में रहने वाली 20 वर्षीय मृतिका सुलक्ष्मी सिंह गहरवार की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से जुड़ा है। पुलिस ने आरोपी को 15 दिसम्बर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। 04 अक्टूबर को मृतिका सुलक्ष्मी सिंह गहरवार निवासी एमपीईबी कॉलोनी, शहडोल, मूलतः ग्राम कोठी, अनूपपुर की मृत्यु के संबंध में कोतवाली में धारा 194 बीएनएसएस के तहत जांच शुरू की गई थी।



पुलिस जांच के दौरान मृतिका के परिजनों और साक्षियों के बयानों से चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। मृतिका जनवरी 2025 से शहडोल में किराए के कमरे में रहकर शंभूनाथ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत थी। साक्ष्यों ने पुष्टि की है कि आरोपी अनुज सिंह बघेल द्वारा मृतिका के साथ लगातार आपत्तिजनक और असहनीय व्यवहार किया जा रहा था, जिसकी जानकारी मृतिका ने पूर्व में ही अपने परिवार को दी थी। घटना के दिन मृतिका कमरे में अकेली थी। जांच में स्पष्ट हुआ है कि उसी दौरान आरोपी द्वारा मृतिका से विवाद किया गया, जिसके परिणामस्वरूप सुलक्ष्मी सिंह को आत्महत्या जैसा भयावह कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ा। पीएम रिपोर्ट में भी चिकित्सक द्वारा मृत्यु का कारण फांसी बताया गया है। साक्ष्यों और परिस्थितिजन्य प्रमाणों के आधार पर यह प्रमाणित हुआ कि आरोपी अनुज सिंह बघेल के असहनीय और उत्पीडऩ व्यवहार ने मृतिका को आत्महत्या के लिए प्रेरित किया। इस आधार पर, आरोपी अनुज सिंह बघेल पिता अंजली सिंह बघेल, निवासी एमपीईबी कॉलोनी, शहडोल के विरुद्ध तत्काल भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धारा के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। कोतवाली प्रभारी के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने बिना विलंब किए आरोपी की तलाश की और उसे गिरफ्तार कर लिया।

# दो मोटर साइकिलें बरामद, आरोपी गिरफ्तार



शहडोल।

जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए शातिर वाहन चोर गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने दो चोरी गई मोटरसाइकिलें बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार 23 सितंबर को फरियादी ओमकार सोनी निवासी साखी थाना ब्यौहारी की काले-लाल रंग की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 18 जे 3648 चोरी हो गई थी। इसी तरह 17-18 अगस्त 2025 की दरम्यानी रात फरियादी बीरेंद्र कुमार वर्मन निवासी ग्राम तेंदुआड़ की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 18 जे 7138 अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी। इसके अलावा 6 सितंबर 2025 को रेलवे गुड्स गार्ड ब्यौहारी में पदस्थ राकेश कुमार मालवीय की डिस्कवर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 05 एमएच 4232 हनुमान मंदिर परिसर से चोरी हो गई थी। इन सभी मामलों में ब्यौहारी थाना पुलिस द्वारा बीएनएस की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई थी।

विवेचना के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई, जिसके आधार पर संदेही लालजी कहार निवासी ग्राम बर महंगवा थाना खतौली जिला कटनी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों दीपू गिरी एवं गोलू केवट के साथ मिलकर तीन मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से एक डिस्कवर मोटरसाइकिल बरामद कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। पुलिस द्वारा लगातार दबिश के बाद फरार आरोपी दीपू गिरी को 15 दिसंबर को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसके कब्जे से चोरी गई हीरो स्प्लेंडर एवं एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद की गई। दोनों वाहन न्यायालय में पेश किए गए हैं।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सड्डू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति हृदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिंधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण**- 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- घरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. बीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवाड़ पिता/पति देवगिरी गायकवाड़ पता- केंदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण**- 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिंह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण**- 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति बीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ



## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

## पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

## खबर संक्षेप

### मोटर व्हीकल एक्ट के तहत पुलिस ने किये 15 चालान 61 सौ का जुर्माना वसूला



**बुढार।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पुलिस ने दो पहिया एवं कार चालकों के द्वारा नियम का उलंघन करने पर 15 चालान कर 61 सौ रुपए का जुर्माना बसूला।

थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार ने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान पिछले 8 दिसंबर से 14 तक 36 वाहनों की जांच पड़ताल कर 15 यातायात नियमों का उलंघन करते हुए पाये गये जिनके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई है।

थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार ने वाहन चालक से आग्रह करते हुए कहा है कि वाहन चलाते समय हेलमेट, सीटबेल्ट का उपयोग करें और अपनी सुरक्षा करें क्योंकि आपके जीवन की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है, यातायात नियमों का पालन करें

### प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान का भ्रमण कार्यक्रम

**उमरिया।** प्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान एक दिवसीय भ्रमण पर 16 दिसम्बर को उमरिया आयेंगे। श्री चौहान 16 दिसम्बर को इंदौर बिलासपुर ट्रेन से प्रातः 8.30 बजे उमरिया पहुँचेगे जहां से सर्किट हॉउस उमरिया के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रातः 11 बजे से जिला पंचायत सभागार में आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक की समीक्षा करेंगे।इसके उपरांत दोपहर 12.30 बजे से जिला पंचायत सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाग लेंगे। श्री चौहान 16 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे ग्राम पंचायत अमड़ी जनपद पंचायत करकेली में आयोजित बोरी बंधान एवं वाटर शेड कार्यक्रम में भाग लेंगे। दोपहर 3.30 बजे उमरिया से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### पिता से मामूली विवाद के बाद लापता युवक सकुशल बरामद

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा एस.डी.ओ.पी. कोतमा के मार्गदर्शन में गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना राजनगर पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना राजनगर क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 13 दिसम्बर को दर्ज गुम इंसान प्रमोद चौधरी पिता कृष्णपाल चौधरी, उम्र 23 वर्ष, निवासी झिरियाटोला, जो बिना बताए घर से चला गया था, पुलिस द्वारा गुम इंसान क्र 62/25 क़ायम किया गया। तलाश पर दस्तयाबी उपरांत गुमशुदा को थाना लाकर पूछताछ की गई, जहां उसके द्वारा बताया गया कि पिता से मामूली विवाद होने के कारण वह घर से चला गया था तथा रेलवे स्टेशन एवं अन्य स्थानों पर घूमता रहा। बाद में स्वयं वापस आ गया। आवश्यक कार्यवाही उपरांत गुमशुदा को उसकी पत्नी के साथ घर रवाना कर दिया गया।

### भाजपा पसान नगर मंडल को मिला नया नेतृत्व

**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** भारतीय जनता पार्टी के पसान नगर मंडल के युवा, जुझारू एवं कर्मठ नेता धीरेन्द्र सिंह 'मिंटू' को सर्वसम्मति से पसान मंडल अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर संगठन में हर्ष का माहौल है। उनकी नियुक्ति को संगठन की मजबूती और युवाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। धीरेन्द्र सिंह 'मिंटू' लंबे समय से पार्टी संगठन में सक्रिय रहते हुए जनसेवा और संगठनात्मक कार्यों में अहम भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनके नेतृत्व में मंडल को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इस अवसर पर पसान नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह नियुक्ति संगठन को और अधिक सशक्त बनाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मिंटू के नेतृत्व में भाजपा की नीतियां जन-जन तक प्रभावी रूप से पहुंचेंगी।

# कमिश्नर के समक्ष उठी एनआरसी में फैली समस्याये

## तहसीलदार को भेज तत्काल लिया जायजा

**बिरसिंहपुर पाली।** देश को कुपोषण के बदनाम नुमा दाग से बचाने के लिए केन्द सरकार ने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्दों में पोषण पुर्नवास केन्द (एन आर सी) की स्थापना कर क्षेत्र भर के कुपोषित बच्चों को केन्द्र मे रखकर लगातार 14 दिनों तक उन्हें पोषक आहार, और माइक्रोन्यूटिएंट सप्लीमेंट्र प्रदान कर शिशुओ को कुपोषण से उबारने की जिम्मेदारी दी गई है, इसकी मुख्य जिम्मेदारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ सी बी एम ओ की होती है।



पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाली में भी पोषण पुर्नवास केन्द संचालित हो रही है, लेकिन पाली स्वास्थ्य केन्द्र में स्थापित पोषण पुर्नवास केन्द की अधिकारियों के कमायी का केन्द बन गया है। विदित होवे की पाली पोषण पुर्नवास केन्द में भत्ती शिशुओं को भरपेट भोजन न मिलने की शिकायत प्रकाश में आयी है जिसे स्थानीय समाचार पत्रों ने उठाया था, लेकिन पोषण पुर्नवास केन्द की व्यवस्था में कोई सुधार नही हुआ।

एस आई आर कार्यक्रम में खंड शिक्षा कार्यालय पाली पहुंची कमिश्नर शहडोल के समक्ष पोषण पुर्नवास केन्द्र की समस्याओं को स्थानीय पत्रकारों ने कमिश्नर के समक्ष प्रमुखता से उठाया, तो उन्होंने पोषण पुर्नवास केन्द में के जांच के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाली को तत्काल दिये, जिसपर तहसील दार पाली को भेजकर जांच करायी जिस पर पोषण पुर्नवास केन्द पर खाद्य सामग्री रिक्त पायी गयी जिसका पंचनामा तहसील दार संतोष चौधरी व्दारा बना कर ले गये हैं।ध्यान देने योग्य है कि कुपोषण से उबारने के लिए हर माह शासन व्दारा करोड़ों का बजट का प्रावधान किया गया है, लेकिन सच्चाई है कि पोषण पुर्नवास केन्द में भत्ती शिशुओं को पर्याप्त मात्रा में भोजन न मिल पाना आश्चर्य की बात है। मामले की गंभीरता से लेते हुए आयुक्त शहडोल से जनापेक्षा है कि मामले में ठोस कार्यवाही करने की कृपा करें, ताकि कुपोषितो को उनका वाजिब हक मिल सकें।

# योजनाओं का लाभ आमजनों को समय सीमा में पहुंचाने के कमिश्नर ने दिए दिशा निर्देश



## कमिश्नर की अध्यक्षता हितग्राही मूलक योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न जानकारी अद्यतन नहीं होने पर कमिश्नर ने अधिकारियों के वेतन काटने के दिए निर्देश

**उमरिया। कमिश्नर सुरभि गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में शासन व्दारा संचालित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कमिश्नर ने आवश्यक दिशा निर्देश जिला प्रमुख अधिकारियों को दिए । बैठक में कुछ अधिकारियों व्दारा सही जानकरी नही देने पर कमिश्नर ने कलेक्टर को अधिकारियों की 10 दिन की वेतन काटने के निर्देश दिए। बैठक में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर सहायक संचालक मत्स्याद्योग को शो काज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।**

कमिश्नर शहडोल संभाग ने प्रधानमंत्री आवास, पीएम जन मन योजना की समीक्षा करते हुए आवास का निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए । इसके साथ ही पीएम जन मन योजनांतर्गत संचालित समस्त योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मिले, यह सुनिश्चित किया जाए, यदि लाभ पहुंचाने में किसी भी प्रकार की समस्या आ रही है, तो उसे स्वतः संज्ञान में लें, ताकि उसका समय रहते निराकरण किया जाना सुनिश्चित किया जा सके । उन्होंने वन अधिकार पत्रो की समीक्षा करते हुए कहा कि वन अधिकार पत्रो के दावो का परीक्षण करें तथा जो व्यक्ति पात्र है, उसे वन अधिकार पत्र देना सुनिश्चित किया जाए । सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत निःशुल्क गणवेश वितरण, सायकिल वितरण, छात्रवृत्ति योजना, पुस्तक वितरण आदि की समीक्षा की । उन्होने कुछ स्कूलो में पुस्तुके नही पहुंचने, ड्राप आउट बच्चो की जानकारी , छात्रवृत्ति एवं प्रोफाइल पंजीयन नही होने पर जिला समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होने शिक्षको की आनलाइन उपस्थिति शत प्रतिशत कराने के निर्देश दिए ।

बैठक में बताया गया कि जिले में 3205 ऐसे बच्चे थे , जो शिक्षा से वंचित थे, जिसमें से 210 बच्चों को दाखिला स्कूल में कराया गया है । जिस पर कमिश्नर ने कलेक्टर को सतत मानीटरिंग करने के निर्देश दिए । कमिश्नर शहडोल संभाग ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी से बोर्ड परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए किए जा रहे प्रयास के संबंध में जानकारी प्राप्त की । उन्होने शहरी विकास अभिकरण अंतर्गत पीएम स्व निधि, वाटरशेड 2.0 , प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0, कायाकल्प योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की । बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत पोर्टल में प्राप्त 5329 आवेदनो में से 1152 आवेदनो पर अनुमोदन कलेक्टर उमरिया व्दारा दिया गया है। शेष बचे आवेदनो पर सर्वे कराने के निर्देश कमिश्नर शहडोल संभाग व्दारा दिए गए । उन्होने एलडीएम को निर्देशित किया कि पीएम स्व निधि योजना अंतर्गत बैंकों को प्रेषित होने वाले प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए उसे स्वीकृत करने की कार्यवाही की जाए, ताकि आम जनों को इसका लाभ मिल सके । इसी तरह वाटर शेड अमृत 2.0 के कार्य की समीक्षा करते हुए समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए । जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा के दौरान बताया गया कि अभियान के तहत अमृत तालाब, कूप रिचार्ज तथा खेत तालाब मे दिए गए लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया है । समीक्षा में बताया गया कि जलकर की वसूली स्व सहायता समूहो की महिलाओं व्दारा की जा रही है। साथ ही टेक्नीशियनों को आरसेटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। ताला बांधवगढ में कुल 86 रिसोर्टो में जल कर, स्वच्छता कर वसूलने की कार्यवाही की जा रही है । उन्होने कहा कि बांधवगढ टाईगर रिजर्व के आस पास ईको सेंसटिव जोन मे हो रहे अवैध निर्माण कार्यो पर राजस्व एवं बीटीआर प्रबंधन द्वारा आपस मे समन्वय बनाकर रोकने का प्रयास किया जाए । लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जो नल जल योजनाएं पूर्ण हो गई है, उसे ट्रायल के पश्चात हैंडओव्हर करने की कार्यवाही की जाए । महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए आंगनबाडिय़ो में पेयजल एवं शौचायल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए इसके साथ ही पोषण पुर्नवास केंद्र की समीक्षा की तथा कहा कि कुपोषित बच्चों की पहचान कर एनआरसी में भर्ती कराया जाए तथा उसका फालोअप भी किया जाए । एमपीआरडीसी विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होने कहा कि जिले के ब्लैक स्पॉट पर साईन बोर्ड लगाए जाएं । दुर्घटनाओ पर कमी लाने के लिए खस्ताहाल सडको की मरम्मत किए जाने के निर्देश दिए । उमरिया से शहडोल तक पहुंचने वाले मार्ग में पडऩे वाले रेल्वे फाटक के पास परिवर्तित सडक में काम कराने के निर्देश भी आयुक्त महोदय ने दिए , ताकि आवागमन सुगम हो सके । स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कमिश्नर शहडोल संभाग ने कहा कि दागना कुप्रथा पर विशेष ध्यान दिया जाए । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों मे बीएलओ समय पर उपस्थित रहें, ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके । उन्होने कहा कि आशा कार्यकर्ताओ को निर्देश जारी किए जाए कि ग्रामीण जनो विशेषकर बच्चों का स्वास्थ्य खराब होने पर प्राथमिकता से स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाए। बैठक में कमिश्नर शहडोल संभाग ने एक बगिया मां के नाम , वृंदावन ग्राम विकास योजना , मत्स्य विभाग सहित अन्य विभागो की समीक्षा की। बैठक में कमिश्नर शहडोल संभाग व्दारा दिए गए निर्देशो पर कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र कुमार जैन ने अक्षरशः पालन होने की बात कही । बैठक में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी, उप संचालक बांधवगढ टाईगर रिजर्व पीके वर्मा, वनमंडलाधिकारी विवेक सिंह, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता,संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी, प्रभारी एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## जन अभियान परिषद ने किया, सेक्टर बैठक का आयोजन




**उमरिया** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड करकेली जिला उमरिया के जिला समन्वयक आदरणीय रविन्द्र शुक्ल जी की अध्यक्षता में सेक्टर क्रमांक 1 करकेली की नवांकुर संस्था सील फाउंडेशन द्वारा कार्यालय जनपद पंचायत करकेली के सभागार कक्ष में सेक्टर बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिला समन्वयक श्री रविन्द्र शुक्ल जी द्वारा प्रस्फुटन समिति के कार्यों की समीक्षा की गई व आगामी कार्ययोजना हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही CMCLDP छात्र छात्राओं को प्रत्येक सप्ताह फील्ड कार्य हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया।जिसके पश्चात सील फाउंडेशन अध्यक्ष दीपक नामदेव द्वारा उपस्थित जनों को परिषद के कार्यों को निश्चित समय में पूर्ण करने व सकारात्मक परिणाम हासिल करने हेतु आवश्यक सुझाव व मार्गदर्शन दिया गया। बैठक में परामर्शदाता सुनीता सिंह, प्रस्फुटन समिति प्रमुख रवि सिंह, जगनु सिंह, शिवम सिंह, खुशबू सिंह, माया सिंह, CMCLDP छात्र अनिलेश नामदेव, सुशील सिंह, ऊषा सिंह, श्वेता कांत, साक्षी जैन, सोनू रैदास, ज्योति सिंग सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## कमिश्नर ने मतदान केंद्रों का किया अवलोकन

**उमरिया।** कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने पाली में भाग संख्या 263, 264, एवं 266 में एसआईआर कार्य का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने बीएलओ के गणना पत्रक,एएसडी सूची एवं मैपिंग किए गए कार्यो का गहन निरीक्षण किया एवं बीएलओ एप मे आए री वेरीफाई लाजिकल डिस्क्रिप्रेंसी मतदाताओ को री वेरी फाई करने के निर्देश दिए तथा नवीन मतदाताओ से फार्म - 6 एवं संशोधन हेतु फार्म - 8 प्राप्त करने के निर्देश दिए ।

निरीक्षण के दौरान 263 की बीएलओ निधि राय ने बताया कि कुल मतदाताओ की संख्या 556 है, जिसमें 6 अनुपस्थित है। स्थानांतरित मतदाताओ की संख्या 20, मृत मतदाताओ की संख्या 9 तथा नो मैपिंग मतदाताओ की संख्या 5 है। भाग संख्या 264 के बीएलओ विवेक कुमार तिवारी ने बताया कि कुल मतदाताओ की संख्याा 613 है।अनुपस्थित मतदाताओ की संख्या 4, स्थानांतरित मतदाताओ की संख्या 16 , मृत मतदाताओ की संख्याी 6 तथा नो मैपिंग की संख्या 1 है । भाग संख्या 266 के बीएलओ सुखलाल ने बताया कि कुल मतदाताओ की संख्या 1192 है, जिसमें अनुपस्थित मतदाताओ की संख्या 1, स्थानांतरित मतदाताओ की संख्या 44, मृत मतदाताओ की संख्या 9 तथा नो मैपिंग की संख्या 3 है । निरीक्षण के दौरान उन्होने करकेली में मतदान केंद्र क्रमांक 212 नदीटोला का निरीक्षण किया तथा बीएलओ से एसआईआर की जानकारी प्राप्त की।





निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया,सतीश सोनी उपस्थित रहे ।

## ऐंताझर में सैकड़ों जरूरतमंदों को बांटे गर्म वस्त्र

# कड़ाके की ठंड में रोटरी क्लब शहडोल बना ग्रामीणों का सहारा

### निर्माणाधीन हनुमान मंदिर परिसर में गर्म वस्त्र वितरण कार्यक्रम

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय से लगे ग्राम ऐंताझर के निर्माणाधीन हनुमान मंदिर परिसर में रविवार को रोटरी क्लब शहडोल द्वारा सेवा और सहयोग की भावना के साथ जरूरतमंद ग्रामीणों को गर्म वस्त्र का वितरण कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब ने ग्राम ऐंताझर के साथ दूधी, बोडरी एवं बैगिन टोला के बड़ी संख्या में गरीब, जरूरतमंद एवं असहाय जनों को ऊनी स्वेटर,मोजा, टोपा,कंबल वितरित किए गए। कड़ाके की ठंड के बीच गर्म वस्त्र पाकर ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी और संतोष की झलक स्पष्ट दिखाई दी। ऐंताझर के निर्माणधीन हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एकत्रित हुए।

### मानवीय पहल के लिए दिल से दुआ

रोटरी क्लब शहडोल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता(लाला), सचिव विनोद प्रधान, कोषाध्यक्ष रविशंकर पाठक सहित बड़ी संख्या रोटेरियन के द्वारा जरूरतमंद ग्रामीण बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को प्राथमिकता देते हुए गर्म वस्त्र वितरण किया गया। आदिवासी अंचल शहडोल में इस समय पूरे प्रदेश भर से अधिक पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच रोटरी क्लब शहडोल द्वारा जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र प्रदान करना बड़ा राहत भरा साबित हुआ। ग्रामीणों ने रोटरी क्लब शहडोल के इस मानवीय पहल के लिए दिल से दुआ देते हुए कहा कि बाबूजी ठंड के इस मौसम में आते रहा करिए, उन्होंने सभी के प्रति बड़ी मासूमियत के साथ कृतज्ञता ज्ञापित किया।

### हर सहयोग का आश्वासन

इस अवसर पर रोटरी क्लब शहडोल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता(लाला), पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता एवं संजय शर्मा के साथ अजय श्रीवास्तव ने कहा कि धर्म और सेवा का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है। वक्ताओं ने अपने संबोधन में ऐंताझर के पवित्र भूमि में निर्माणाधीन दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के निर्माण में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन देते हुए कहा कि यह केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि सामाजिक सेवा का माध्यम भी बने। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के इस प्रयास में हम सभी रोटेरियन साथी भी सहभागी बनेंगे।







### मंदिर निर्माण में रोटरी क्लब करेगा सहयोग

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रोटरी क्लब शहडोल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता(लाला) ने सभी रोटेरियन साथियों की ओर से कहा कि भविष्य में भी मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ सामाजिक एवं सेवा से जुड़े कार्य में सहभागी बनेंगे। रोटरी क्लब शहडोल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम मानवता, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का सराहनीय उदाहरण बनकर सामने आया।

### श्रमिकों का बनेगा सहारा

रोटी क्लब के वस्त्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा कि ठंड के दिनों में गरीब और श्रमिक वर्ग को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में रोटरी क्लब शहडोल के द्वारा गर्म वस्त्र वितरण जैसे कार्यक्रम उनके लिए सहारा बनेगा।

### ऐसे आयोजन से बढ़ता है सौहार्द

कार्यक्रम का संचालन करते हुए अधिवक्ता रोटेरियन गिरीश श्रीवास्तव ने कहा कि गांवों में इस प्रकार के सेवा कार्य आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। गांव के जरूरतमंदों की मदद होने से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। कार्यक्रम के अंत में मंदिर निर्माण समिति ऐंताझर के अध्यक्ष सुजीत श्रीवास्तव एवं रोटरी क्लब शहडोल के सचिव विनोद प्रधान ने आभार व्यक्त किया।

### इनकी रही खास सहभागिता

रोटरी क्लब शहडोल के गर्म वस्त्र वितरण के दौरान व्यवस्था को सुचारू बनाने में ग्राम पंचायत ऐंताझर के सरपंच मैकू बैगा,रोटरी क्लब के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता, सचिव विनोद प्रधान, कोषाध्यक्ष रवि शंकर पाठक, अजय विजरा,डॉक्टर अभिषेक गर्ग, पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता, सुशील शर्मा, अजय श्रीवास्तव,सुजीत श्रीवास्तव,राजेश श्रीवास्तव, मनीष केजरीवाल, ऋतुराज गुप्ता, संजय सिंह,प्रकाश गुप्ता, अजय मोर, वाजिद जैदी, सतेंद्र सोनी, संजय उपाध्याय, संजय गुप्ता, अमित गुप्ता, गिरीश श्रीवास्तव, आशीष गुप्ता, पत्रकार सुभाष द्विवेदी, ग्राम पंचायत दूधी के उपसरपंच प्रदीप पटेल, रामचरण पटेल,सुधीर शर्मा, लखन बैगा सहित बड़ी संख्या में रोटेरियन एवं ग्रामीणजन अहम भूमिका का निर्वहन किया।

खबर संक्षेप



## अमरकंटक में टैक्सी किराया सूची लागू

**अमरकंटक।** टैक्सी यूनियन कल्याण समिति संपूर्ण भारत इकाई अमरकंटक द्वारा यात्रियों की सुविधा, पारदर्शिता और मनमानी वसूली पर रोक लगाने के उद्देश्य से नई टैक्सी किराया सूची तैयार कर थाना अमरकंटक एवं नगर परिषद अमरकंटक में विधिवत रूप से जमा की गई है। टैक्सी यूनियन द्वारा जारी निर्देशानुसार, अमरकंटक क्षेत्र में संचालित सभी टैक्सी एवं यात्री वाहनों के चालकों को अपने-अपने वाहनों में किराया सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है, ताकि पर्यटकों एवं स्थानीय यात्रियों को यात्रा से पूर्व किराए की सही जानकारी प्राप्त हो सके। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि इस व्यवस्था से न केवल यात्रियों का विश्वास बढ़ेगा, बल्कि टैक्सी चालकों के बीच भी एकरूपता बनी रहेगी और किसी प्रकार के विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। साथ ही, प्रशासनिक स्तर पर भी किराया संबंधी शिकायतों का त्वरित समाधान संभव हो सकेगा। नगर परिषद एवं थाना प्रशासन ने टैक्सी यूनियन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि किराया सूची के पालन से क्षेत्र में व्यवस्थित परिवहन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर नियमानुसार कार्रवाई भी की जा सकती है। इस पहल से अमरकंटक आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को सुरक्षित, सुगम एवं न्यायसंगत परिवहन सुविधा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## आवास दिलाने के नाम पर 50 हजार की ठगी, अब नोटिस देकर खाली कराने का आरोप



**जमुना/बदरा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) जमुना कोतमा क्षेत्र अंतर्गत रीजनल अस्पताल भालूमाड़ा में पदस्थ वार्ड बॉय गणेश मलिक पर आवास दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपये की ठगी करने और बाद में जबरन आवास खाली कराने का गंभीर आरोप लगा है इस संबंध में पीड़ित राजेंद्र सोनी एवं उनकी पत्नी रीना पनिका ने संपदा अधिकारी, एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र को लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन के अनुसार, पीड़ित का परिचय वार्ड बॉय गणेश मलिक से कई वर्षों से था अप्रैल 2025 में गणेश मलिक ने जमुना स्थित आवास क्रमांक I/289 दिलाने के एवज में कुल 20 हजार रुपये की मांग की पहले 10 हजार रुपये नकद लिए गए और शेष 10 हजार बाद में देने की बात कही गई आरोप है कि इसके बाद उक्त आवास के मेंटेनेंस के नाम पर 40 हजार रुपये खर्च करवा लिए गए। पीड़ित का कहना है कि बाद में गणेश मलिक ने आवास किसी अन्य के नाम आवंटित कराने का भरोसा दिया, लेकिन ऐसा नहीं किया कुछ समय बाद उसने उक्त आवास अपनी रिश्तेदार के नाम आवंटित करवा लिया और शेष राशि नहीं देने के आधार पर आवास खाली कराने की धमकी दी। अंततः 19 नवंबर को आवास खाली कराने का नोटिस भी जारी कर दिया गया। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि गणेश मलिक द्वारा धोखा देकर लिए गए 10 हजार रुपये नकद तथा मेंटेनेंस में खर्च कराए गए 40 हजार रुपये कुल 50 हजार रुपये वापस दिलाए जाएं साथ ही आरोपी वार्ड बॉय के खिलाफ विभागीय एवं आपराधिक कार्रवाई की मांग की गई है, ताकि भविष्य में कोई अन्य व्यक्ति इस तरह की ठगी का शिकार न हो। मामले की शिकायत संपदा अधिकारी अजय कुमार के साथ ही क्षेत्रीय महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी थाना प्रभारी भालूमाड़ा विपुल शुक्ला सुरक्षा प्रभारी मारकंडेय सिंह एवं एचएमएस के अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला व श्रमिक यूनियनों को भी भेजी गई है अब सभी की निगाहें एसईसीएल प्रबंधन और पुलिस की कार्रवाई पर टिकी हैं।

## मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन अब 23 दिसम्बर को

**अनूपपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है। आयोग द्वारा संशोधित समय सारणी के अनुसार अब मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन अब 23 दिसम्बर को किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हर्षल पंचोली ने बताया कि सभी रिटर्निंग आफीसर 18 दिसम्बर तक गणना पत्रक का कार्य अनिवार्य रूप से पूरा कर लें। 19 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक अंतिम मतदाता सूची का प्रारूप तैयार कर लें।

### जिम्मेदार विभाग कागजों में पहना रहा अमलीजामा, नहीं होती कार्यवाही

# पटरी से उतरी नगर की यातायात व्यवस्था

### चौक-चौराहों से यातायात पुलिस नदारत, एसडीएम के निर्देश के साल भर बाद भी वही कहानी

शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था को सुधारने भले ही जिम्मेदार विभाग द्वारा आये दिन ढिंढोरा पीटा जाता हो परंतु नगर की बेपटरी हुई यातायात व्यवस्था सुधरने का जहां नाम नही ले रही वही जानकार लोग भी व्यवस्था मे कालिख पोतते हुये सड़क किनारे ही अपने वाहनो को पार्क कर नगर मे जाम की स्थिति तैयार कर रहे हैं। जिन पर कार्यवाही करने के प्रयास विभाग द्वारा नही किये जाने से आमजन जहां बिगड़ी हुई यातायात व्यवस्था से दो चार हो रहा है वही आमजन घंटो जाम मे फंसकर अपना अमूल्य समय नष्ट करने को मजबूर हो चला है।





हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिला मुख्यालय मे भले ही पुलिस विभाग ने यातायात के प्रभारी को जिले की यातायात व्यवस्था दुरूस्त रखने तैनात किया हो, लेकिन यातायात प्रभारी से अनूपपुर नगर की ही बिगड़ी हुई यातायात व्यवस्था सम्हल नही पा रही है तो जिले भर के यातायात व्यवस्था कैसी होगी यह किसी से छिपी नही है। नगर के बस स्टैण्ड में बिगड़े हुए यातायात व्यवस्था का सबसे बदसूरत नजारा आये दिन देखने को मिलता है जहां छोटे बड़े वाहनों को अपने वाहन आगे पीछे करने में भी काफी मशक्कतों का सामना करना पड़ता है। सबसे दयनीय स्थिति बस स्टैण्ड के सामने कलेक्ट्रेट की ओर जाने वाली मुख्य सड़क मार्ग पर हो जाती है जब विपरीत दिशाओं से दो बड़े वाहन या यात्री बसे आती है। ऐसा जाम दोनो तरफ लग जाता है जैसे नगर के रेलवे फाटक में लगता था। इन परेशानियों की जानकारी निश्चित ही यातायात प्रभारी को है, परन्तु उनके द्वारा भी इस सड़क के अगल बगल अपने वाहनों की पार्किंग बनाकर रखे व्यापारियों, दुकानदारों व दुकानों में आने वाले ग्राहकों पर कार्यवाही न किये जाने से नगर की यातायात व्यवस्था बेपटरी है। जानकारी के मुताबिक इसी सड़क पर बस स्टैण्ड से दस कदम की दूरी पर यूको बैंक सहित अन्य दुकानें संचालित है, जहां इनके अपने पार्किंग स्थल नही है जिससे यहां आने वाले आम लोग अपने वाहनों को सड़क से लगाकर ही उल्टा सीधा खड़ा कर देते है जिसके कारण सड़क सकरी हो जाती है और अगर उसी समय दोनो दिशाओं से बड़े वाहने आये तो जाम की स्थिति तैयार हो जाती है।

### दिखावे तक सीमित यातायात की कार्यवाही

जानकारी के मुताबिक बस स्टैण्ड के सामने से गुजर रही इस सड़क में सबसे ज्यादा जाम की स्थिति सड़क किनारे पार्किंग बनाकर खड़े वाहनों से होती है जिसके कारण वाहनों के आने जाने सहित दोपहिया वाहनों व पैदल यात्रियों को जहां परेशान होना पड़ता है वही घंटों जाम में भी फंसकर ऐसे लोगों का समय नष्ट हो जाता है। यातायात विभाग आये दिन लोगों को जागरूक करने कहीं सड़क सुरक्षा पखवाड़े तो कहीं रैलियों के माध्यम से यातायात व्यवस्था को दुरूस्त रखने का अभियान चलाती है लेकिन नगर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था है कि व्यवस्थित पटरी पर नही आ पा रही है जिसका कारण जिम्मेदार लोगों का उदासीन रवैया है। जब कभी जिम्मेदार विभाग को ऊपर से निर्देश मिलते है तब निर्देशों के पालन में विभागीय लोग केवल दिखावे की कार्यवाही कर निर्देशों को अमलीजामा पहना कर अपने कर्तव्यों से इति श्री कर लेते है। यातायात विभाग द्वारा नगर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था को न सुधारे जाने का खामियाजा नगर के लोग भुगत रहे हैं। सडक के किनारे संचालित दुकानो के लोगो द्वारा भी अपने छोटे बडे वाहनो को पार्किंग के रूप मे सडक के किनारे ही खडा कर दिये जाने से भी सडक संकीर्ण हो रही है जिससे जाम की स्थिति तैयार होती है। शहर भर मे कई ऐसे भीड भाड वाले इलाके जैसे शंकर मंदिर चौक, इंदिरा चौराहा, स्टेशन चौक, सामतपुर तिराहा हैं जहां आये दिन इन्ही कारणो से जाम लगे रहना अब आम बात हो गई है।

### एसडीएम ने व्यक्त की थी नाराजगी

ज्ञात हो कि 28 नवंबर 2024 की शाम तत्कालीन अनूपपुर एसडीएम व नगरपालिका अनूपपुर के प्रशासक महिपाल सिंह गुर्जर तथा तत्कालीन तहसीलदार अनूपपुर अनुपम पांडेय ने जिला मुख्यालय के मुख्य बस स्टैण्ड का जायजा लेकर मुख्य बस स्टैण्ड में बसों की आवाजाही के दौरान मचने वाले धमाचौकड़ी और मुख्य मार्ग से गुजरने वाले वाहनों के बीच लगने वाले जाम से जल्द ही शहरवासियों को निजात दिलाने पहल की थी। संभवतः साल भर के दौरान अतिक्रमण के विरूद्ध यह प्रशासन की ओर से अंतिम बड़ी कार्यवाही थी। जिसके बाद आज तक ऐसी कार्यवाही देखने को नही मिली। इस दौरान बताया गया था अतिक्रमण के विरूद्ध जिला व पुलिस प्रशासन की ओर से रणनीतियां तैयार की जा रही है। जहां जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन संयुक्त रूप से बस स्टैंड के साथ पूरे शहर में फैले अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई करेगी। अधिकारियों ने यहां बने अव्यवस्थाओं को दूर करने के साथ अतिक्रमण हटाने व सुचारू यातायात बहाली पर 30 नवंबर 2024 को पुनः बैठक बुलाने की बात कही थी, लेकिन दोबारा बैठक हुई की नही और यदि बैठक हुई तो उसमे क्या निर्णय लिया गया तथा अमलीजामा पहनाया गया या नही इस कहीं कोई पता नही, जबकि एसडीएम के निरीक्षण के दौरान उनके साथ तत्कालीन यातायात पुलिस प्रभारी ज्योति दुबे सहित कोतवाली थाना प्रभारी अरविन्द जैन भी मौजूद रहे।

## अमरकंटक में है बद्री विशाल की अलौकिक एवं अद्भुत प्रतिमा



हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

पंचनगरी अमरकंटक की पावन भूमि केवल प्राकृतिक सौंदर्य और नर्मदा उद्गम के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी प्राचीन आध्यात्मिक धरोहरों के लिए भी विशेष पहचान रखती है। इन्हीं धरोहरों में एक है रंगमहल प्रांगण अंतर्गत स्थित बलराजपुरी आश्रम, जहां भगवान बद्री विशाल की एक अत्यंत विशाल, प्राचीन एवं अलौकिक प्रतिमा विराजमान है। बलराजपुरी आश्रम में स्थापित बद्री विशाल की यह प्रतिमा काले पत्थर से निर्मित है, जिसकी कलात्मक भव्यता और दिव्यता देखते ही श्रद्धालु भाव-विभोर हो जाते हैं। प्रतिमा इतनी मनोहारी है कि एक बार दर्शन करने के बाद मन तृप्त नहीं होता। स्थानीय संतों एवं श्रद्धालुओं के अनुसार यह मूर्ति अत्यंत प्राचीन है और वर्षों से आस्था का केंद्र बनी हुई है। विशेष बात यह है कि वर्तमान में अयोध्या में स्थापित श्रीरामलला की प्रतिमा और अमरकंटक स्थित बद्री विशाल की प्रतिमा में अद्भुत समानता दिखाई देती है। दोनों ही प्रतिमाएं काले पत्थर से निर्मित हैं और उनकी मुद्रा, भाव एवं शिल्प-कला लगभग एक जैसी प्रतीत होती है। ऐसा प्रतीत होता है मानो दोनों प्रतिमाओं में एक ही दिव्य चेतना का दर्शन हो रहा हो। बद्री विशाल की प्रतिमा के साथ आश्रम परिसर में अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां भी विराजमान हैं, जो इस स्थान को और अधिक पवित्र एवं दर्शनीय बनाती हैं। यह आश्रम न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व के कारण भी विशेष स्थान रखता है। श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए यह एक दुर्लभ अवसर है कि वे अमरकंटक आकर बद्री विशाल की इस दिव्य प्रतिमा के दर्शन करें। मान्यता है कि यहां दर्शन मात्र से ही मन को शांति औरु आत्मिक संतोष की अनुभूति होती है। अमरकंटक आने वाले श्रद्धालुओं से स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं संत समाज ने अपील की है कि वे बलराजपुरी आश्रम में विराजे बद्री विशाल के दर्शन अवश्य करें और इस प्राचीन धरोहर को संरक्षित रखने में सहयोग दें।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा शादी से लौटते वक्त किया था जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।




न्यायालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (श्रीमती माया विश्वलाल) के द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 79/23, थाना जैतहरी के अपराध क्रमांक 153/23 धारा 302, 325, 294, 323, 506, 326, 307 भादवि के आरोपी जयसिंह गोंड पिता राम सिंह गोंड उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम पंडरी, खालेटोला, थाना जैतहरी, जिला अनूपपुर म0प्र0 को निर्णय दिनांक 12 दिसम्बर को 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 2,000 अर्थदण्ड, धारा 326 भादवि में 02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1,000 अर्थदण्ड, धारा 325 भादवि में 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 अर्थदण्ड एवं धारा 323 भादवि में 300 रूपये के अर्थदण्ड के दण्ड से दंडित किया गया है। मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक हेमंत अग्रवाल द्वारा की गई। विशेष लोक अभियोजक ने निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी जयसिंह गोंड, फरियादी जीवन सिंह गोंड एवं उसके परिवार से रंजिश रखता था एवं आए दिन अक्सर फरियादी एवं उसके बडे भाई पप्पू सिंह से रंजिश रखता था। बीच-बीच में अक्सर उससे व उसके बडे भाई पप्पू सिंह से लडाई-झगडा करता रहता था। 03 मई 2023 को फरियादी अधराज सिंह गोंड के घर शादी में गया था और शाम करीब 7:30 बजे वहां से वापिस आ रहा था। तभी वहां पर फरियादी के घर के सामने आरोपी जयसिंह गोंड खडा हुआ था, जो फरियादी को देखकर गालियां देने लगा। इसके बाद वह फरियादी से हाथ-मुक्के से मारपीट करते हुए उसे सीसी रोड पर पटक दिया। फरियादी के हल्ला-गुहार करने पर उसका बडा भाई पप्पू सिंह गोंड, बहन श्यामकली गोंड, मां सेमबाई गोंड, मामा का लडका राजेश सिंह गोंड एवं पडोसी भूपेन्द्र सिंह गोंड सभी लोग बीचबचाव करने आ रहे थे। उन सभी को आता देखकर जयसिंह गोंड दोडकर अपने घर से टंगिया लेकर आया और एक टंगिया राजेश सिंह गोंड के बाये गर्दन तरफ मारा। चोट लगने के कारण राजेश सिंह गोंड वही पर सीसी रोड में सीताराम यादव की बाडी के पास गिर गया। उन लोगों ने देखा तो राजेश सिंह गोंड मर चुका था। तब पप्पू सिह गोंड एवं भूपेन्द्र सिंह गोंड दोनों बीच बचाव करने दौड़े तो जय सिंह गोंड ने पप्पू सिंह गोंड के दाहिने जबडे में टंगिया के धार से तथा बायें तरफ जबडे में टंगिया के पांसा से मार दिया ओर भूपेन्द्र सिंह गोंड को सिर के पीछे टंगिया से मार दिया, जिससे दोनों को चोंटे आई। मारपीट करते समय जयसिंह गोंड धमकी भी देकर गया था कि वह सबकों जान से मार डालेगा। जयसिंह गोंड के द्वारा राजेश सिंह गोंड के बाये तरफ गर्दन में धारदार टंगिया से घातक चोट पहुंचाने से मौके पर ही राजेश सिंह गोंड की।

## अनियमितता पाए जाने पर उपार्जन केंद्र प्रभारी पर होगी कार्यवाही कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि जिले के समस्त उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं का सतत मॉनिटरिंग अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा किया जाए। यदि किसी उपार्जन केंद्र पर किसानों के उपार्जन की स्थिति में किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित उपार्जन केंद्र प्रभारी के विरुद्ध अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा तत्काल कार्यवाही की जाए। कलेक्टर हर्षल पंचोली कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा कर रहे थे। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि किसानों द्वारा किए गए उपार्जन की जानकारी समय पर संबंधित पोर्टल पर अपलोड होना सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने रेडी टू ट्रांसपोर्ट, एफएक्यू, उपार्जन केंद्रों की गतिविधियों एवं स्व सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे उपार्जन की स्थिति पर भी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निगरानी रखने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री पंचोली ने बताया कि सुशासन सप्ताह के अंतर्गत जिले में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 17 दिसंबर को जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत वेंकटनगर, 23 दिसंबर को जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत करपा तथा 24 दिसंबर को जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत कोठी में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिविरों की समुचित तैयारी करने के निर्देश दिए।

### हितग्राहियों को करें लाभान्वित

कलेक्टर ने कहा कि विभागीय निर्देशों के अनुसार शिविरों में सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएं। साथ ही शिविरों में स्वास्थ्य जांच, आधार अपडेटेशन, आयुष्मान कार्ड, फार्मर रजिस्ट्री, धरती आबा योजना तथा जल जीवन मिशन सहित अन्य विभिन्न योजनाओं से अधिक से अधिक संख्या में हितग्राही को लाभान्वित करें। बैठक में कलेक्टर ने जिले के समस्त नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि शीत लहर को दृष्टिगत रखते हुए नगरीय क्षेत्रों के सभी सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने कहा कि रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग नगर पालिका अधिकारी स्वयं करें एवं नगरीय क्षेत्रों को साफ-सुथरा एवं स्वच्छ बनाए रखें। इसके साथ ही कलेक्टर ने अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत वन विभाग एवं रेलवे विभाग से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र की स्थिति के संबंध में नगर पालिका अधिकारियों से जानकारी भी प्राप्त की। कलेक्टर ने जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को नल-जल योजना के अंतर्गत बंद मोटर, पेयजल स्त्रोत, कर्मचारी संबंधी समस्याओं एवं पेयजल से जुड़ी अन्य समस्याओं का नियमित निरीक्षण एवं सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।



## राज्य स्तरीय कूडो प्रतियोगिता में अनूपपुर के बच्चों ने लहराया परचम

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय कूडो प्रतियोगिता जो 06 से 10 दिसम्बर तक सागर के आर्मी पब्लिक स्कूल में आयोजित हुई उसमें शहडोल संभाग के 18 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में विधायक शैलेंद्र जैन जो कूडो एसोसिएशन के चेयरमेन भी है उनके साथ विशिष्ठ अतिथि के रूप में डॉ मोहम्मद एजाज खान प्रेसिडेंट कूडो एसोसिएशन मध्यप्रदेश भी आए और अपनी उपस्थिति दी। इस प्रतियोगिता में अंडर 14/17/19 के बालक/ बालिकाओं ने भाग लिया। बच्चों की मेहनत से अंडर - 17 बालिका मे शहडोल संभाग को प्रथम स्थान मिला। 18 मे से 12 बच्चों ने पदक जीता और जिले का नाम रोशन किया। बच्चों की कोच जैतहरी के वरिष्ठ पत्रकार स्व. राजेन्द्र गुप्ता की सुपुत्री और स्व. संतोष गुप्ता (बेटी) की भतीजी श्रेया गुप्ता ने इन बच्चों को ट्रैंड की। इस प्रतियोगिता के लिए बच्चों के शानदार प्रदर्शन को देख डी.एस.ओ. अनूपपुर खलील कुरैशी ने भी अपना आशीर्वाद और बधाइयां दी। बच्चों को पदक विजेताओं मे स्वर्ण पदक विजेता मे वंदना राठौर, अपूर्व शर्मा, चंचल मरावी तथा अनुराज गुप्ता न्यू स्टेला मेरिस स्कूल जैतहरी रहे वही रजत पदक प्राप्त करने वालों मे अरमान सिंह व रुद्र प्रताप सिंह न्यू स्टेला मेरिस स्कूल जैतहरी रहे। इसी तरह कांस्य पदक विजेताओं मे अबिगेल एलिजा जोसफ, प्रगति सिंह, आदर्श सिंह राठौड़, कर्तव्य सिंह राठौर, अनुष्का सिंह राठौर न्यू स्टेला मेरिस स्कूल जैतहरी एवं दिव्यानी सोनी बेथेल मिशन रहे तो प्रतियोगी आशुतोष द्विवेदी, धरनीश द्विवेदी, अर्श राठौर, अंकित सिंह राठौर न्यू स्टेला मेरिस स्कूल जैतहरी, साधना आर्मो नोबल पब्लिक स्कूल तथा सारांश मिश्रा बाल भारती स्कूल शामिल रहे।